# आदेश

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के आदेश संख्या:डीजी–चार–स्था0–(291)/2023/563 दि0 27.05.2023 द्वारा समयावधि पूर्ण कर लिये जाने के फलस्वरूप मुख्य आरक्षी ना0पु0/982411939 श्यामवीर सिंह का कमिश्नरेट कानपुर नगर से कमिश्नरेट लखनऊ स्थानांतरण किया गया था, जिसके अनुपालन में पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर के आदेश संख्या:त–120/2023 दिनांक 09.11.2023 द्वारा विलम्ब से उक्त मुख्य आरक्षी को कमिश्नरेट कानपुर नगर से कमिश्नरेट लखनऊ हेतु स्थानांतरण पर कार्यमुक्त किये जाने के विरूद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद में रिट याचिका संख्या:2071/2024 मु0आ0ना0पु0/982411939 श्यामवीर सिंह, कमिश्नरेट कानपुर नगर बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य योजित की गयी थी, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा दिनांक 08.02.2024 को सुनवाई के उपरान्त स्थानांतरण आदेश दिनांक 27.05.2023 एवं कार्यमुक्ति आदेश दिनांक 09.11.2023 को पारित आदेश दिनांक 08.02.2024 द्वारा abeyance करते हुए अगले स्थानांतरण सत्र में विभागीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत स्थानांतरण किये जाने की छूट प्रदान की गयी है।

उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या:5001/आठ–1–86 दिनांक 11.07.1986 में निहित निर्देशानुसार मुख्य आरक्षी ना0पु0/982411939 श्यामवीर सिंह द्वारा कमिश्नरेट कानपुर नगर की समयावधि 10 वर्ष से अधिक पूर्ण कर लिये जाने के फलस्वरूप उक्त रिट याचिका में माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा दिनांक 08.02.2024 को पारित किये गये आदेश द्वारा अगले स्थानांतरण सत्र में विभागीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत स्थानांतरण किये जाने की छूट प्रदान किये जाने के समादर में मुख्य आरक्षी ना0पु0/982411939 श्यामवीर सिंह को कमिश्नरेट कानपुर नगर से कमिश्नरेट लखनऊ स्थानांतरित किया जाता है। यह आदेश पुलिस स्थापना बोर्ड के **कार्यवृत्त सूची संख्या:एएसपी–(ई–1)–(समयावधि/मा0 उच्च न्याया0)–240/2024 दिनांक 07.06.2024** में लिये गये निर्णय के अनुसार जारी किया जा रहा है।

DGP HQRS UP LKW
DG-IV-STHA-(240)2024/821 DT 07-06-2024

7/6/24

(राहुल मिश्रा)
अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना,
निमित्त पुलिस उप महानिरीक्षक, कार्मिक
उ0प्र0 लखनऊ।

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**चतुर्थ तल,(द्वितीय टावर), पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, शहीद पथ, लखनऊ–226002**

**संख्या:डीजी–चार–स्था0–(240)/2024/821** **दिनांक:जून 07, 2024**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1 पुलिस आयुक्त, कानपुर नगर को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी को तत्काल कार्यमुक्त करते हुए सर्वसम्बन्धित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

2 पुलिस आयुक्त, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त कर्मी के आगमन की सूचना से सर्वसम्बंधित सहित इस मुख्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें। यदि कोई प्रशासनिक/नीतिगत बाधा हो तो तत्काल इस मुख्यालय को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

**संख्या तथा दिनांक वही**

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को कृपया सादर सूचनार्थ प्रेषितः–**

1. पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ।